प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 09 / 2026)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा)**

https://www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 22nd जनवरी ' 2026

**तत्काल प्रकाशन हेतु**

## *भादूविप्रा ने तमिलनाडु राज्य (तमिलनाडु लाइसेंस सेवा क्षेत्र के अंतर्गत) के त्रिची नगर तथा उससे सटे क्षेत्रों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया*

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिसंबर 2025 माह के दौरान **तमिलनाडु** लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) के अंतर्गत त्रिची नगर को कवर करते हुए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए हैं। भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की निगरानी में आयोजित इन ड्राइव टेस्टों का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट्स, ग्रामीण आवासीय क्षेत्रों आदि सहित विविध उपयोग परिवेशों में मोबाइल नेटवर्क के वास्तविक उपयोग अनुभव का आकलन करना था।

09 दिसंबर 2025 से 12 दिसंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों द्वारा त्रिची नगर में कुल 371.3 km का ड्राइव टेस्ट, 5.1 km का वॉक टेस्ट तथा 7 हॉटस्पॉट स्थानों पर विस्तृत परीक्षण किए गए। परीक्षण के दौरान 2G, 3G, 4G एवं 5G प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन किया गया, जिससे विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं वाले उपभोक्ताओं के सेवा अनुभव को परिलक्षित किया जा सके। स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष संबंधित सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को सूचित कर दिए गए हैं।

**आकलित प्रमुख मानदंड:**

**(क) वॉयस सेवाएं**: कॉल सेटअप सफलता दर (सीएसएसआर), ड्रॉप कॉल दर (डीसीआर), कॉल सेटअप समय (सीएसटी), कॉल साइलेंस दर, वाणी गुणवत्ता (एमओएस), कवरेज।

त्रिची नगर में मोबाइल नेटवर्क के समग्र प्रदर्शन का सारांश निम्नानुसार है:


**कॉल सेटअप सफलता दर:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल की कॉल सेटअप सफलता दर क्रमशः 100.00%, 90.51%, 97.65% तथा 100.00% दर्ज की गई।

**वॉयस परीक्षण के दौरान कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में वॉयस परीक्षण के दौरान नगर आईडीटी रूट पर कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ का अवलोकन एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल के लिए क्रमशः 0.39%, 10.48%, 0.96% एवं 2.99% रहा।

**(ख) डेटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप दर तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।

**डेटा परीक्षण के दौरान कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में डेटा परीक्षण के दौरान नगर IDT रूट पर कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ का अवलोकन एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल के लिए क्रमशः 6.45%, 11.74%, 6.07% एवं 6.73% रहा।

***संक्षिप्त रूप:****सीएसएसआर: कॉल सेटअप सफलता दर (प्रतिशत में), सीएसटी: कॉल सेटअप समय (सेकंड में),डीसीआर: ड्रॉप कॉल दर (प्रतिशत में) एवं एमओएस: मीन ओपिनियन स्कोर।*



## *सारांश – वॉयस सेवाएं*

**कॉल सेटअप सफलता दर**: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल की कॉल सेटअप सफलता दर क्रमशः 100.00%, 90.51%, 97.65% तथा 100.00% दर्ज की गई।

**कॉल सेटअप समय:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल का कॉल सेटअप समय क्रमशः 1.12 सेकंड, 4.66 सेकंड, 0.80 सेकंड तथा 1.63 सेकंड पाया गया।

**ड्रॉप कॉल दर:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल की ड्रॉप कॉल दर क्रमशः 0.00%, 5.87%, 0.00% तथा 0.00% रही।

**कॉल साइलेंस/म्यूट दर**: पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (4G/5G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल की कॉल साइलेंस दर क्रमशः 0.26%, 3.48%, 0.78% तथा 1.03% दर्ज की गई।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल का औसत एमओएस क्रमशः 3.99, 3.38, 4.48 तथा 4.32 रहा।

**कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में कवर किए गए रूट के लिए एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल में कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ का अवलोकन क्रमशः 0.39%, 10.48%, 0.96% तथा 2.99% रहा।

## *सारांश – डेटा सेवाएं*

**डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड गति 194.70 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 5.46 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 286.39 Mbps तथा वीआईएल (4G/2G) की 24.85 Mbps दर्ज की गई।

**डेटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र):**एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड गति 33.36 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 6.29 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 28.52 Mbps तथा वीआईएल (4G/2G) की 11.68 Mbps पाई गई।

**लेटेंसी (समग्र):**

एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल की 50वां परसेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 43.03 ms, 48.55 ms, 25.06 ms तथा 43.93 ms रही।

**हॉटस्पॉट्स पर डेटा प्रदर्शन (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल- | 4G D/L: 31.50 | 4G U/L: 6.69 |
| | 5G D/L: 254.33 | 5G U/L: 31.13 |
| बीएसएनएल- | 4G D/L: 4.55 | 4G U/L: 8.49 |
| आरजेआईएल- | 4G D/L: 54.15 | 4G U/L: 9.49 |
| | 5G D/L: 375.03 | 5G U/L: 26.67 |
| वीआईएल- | 4G D/L: 24.87 | 4G U/L: 15.58 |

**कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में कवर किए गए रूट के लिए एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल एवं वीआईएल में कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ का अवलोकन क्रमशः 6.45%, 11.74%, 6.07% तथा 6.73% रहा।

टिप्पणी: "D/L" का अर्थ डाउनलोड गति तथा "U/L" का अर्थ अपलोड गति है।

त्रिची नगर में किए गए आकलन में सेतुरापट्टी, मणिकंडम, मन्नारपुरम, एमजीआर नगर, कुलथुर, थुवाकुडी, पालपन्नै जंक्शन, लालगुडी रोड, पुवालुर, मदकुडी, तिरुप्पंगली नॉर्थ, तिरुचिरापल्ली–सेलम मेन रोड, कुलिथलाई, कुलुमनी तथा सन्नासिपट्टी आदि क्षेत्रों को शामिल किया गया।

त्रिची श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर एवं त्रिची सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर वॉक टेस्ट किए गए।

इसके अतिरिक्त, स्थिर उपभोक्ताओं के सेवा अनुभव को परिलक्षित करने के उद्देश्य से भादूविप्रा द्वारा त्रिची नगर में अरुलमिगु जम्बुकेश्वरर मंदिर, जिला कलेक्टर कार्यालय, त्रिची, आईआईएम त्रिची पुस्तकालय, महात्मा गांधी मेमोरियल सरकारी अस्पताल, एनआईटी त्रिची, त्रिची हवाई अड्डा, त्रिची सेंट्रल बस स्टैंड पर वास्तविक परिस्थितियों में परीक्षण किए गए।

ये परीक्षण भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों एवं मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए रीयल टाईम परिवेश में आयोजित किए गए। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की स्पष्टीकरण/जानकारी हेतु श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद), भादूविप्रा से ई-मेल: adv.hyderabad@trai.gov.in अथवा दूरभाष सं. +91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

G. Suresh Reddy

**(जी सुरेश रेड्डी)**
**संयुक्त सलाहकार, आरओ हैदराबाद**